सत्यमेव जयते

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार

**Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan)**
**Ministry of Social Justice & Empowerment, Government of India**

स्वावलम्बन
Swavlamban

# प्रशस्तियां

# CITATIONS

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार, 2024

## National Awards for the Empowerment of Persons with Disabilities, 2024

दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु
राष्ट्रीय पुरस्कार

# National Awards for the Empowerment of Persons with Disabilities

# 2024

# प्रशस्तियां
# CITATIONS

सत्यमेव जयते

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,
भारत सरकार

**Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan)**
**Ministry of Social Justice & Empowerment,**
**Government of India**

# परिचय

नीतिगत मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने तथा दिव्यांगजनों के कल्याण और सशक्तिकरण के उद्देश्य से गतिविधियों पर सार्थक बल देने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में से 12 मई, 2012 को एक अलग नि:शक्तता कार्य विभाग बनाया गया था। 8 दिसंबर 2014 को इस विभाग का नाम बदलकर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग कर दिया गया। यह विभाग दिव्यांगता और दिव्यांगजनों से संबंधित मामलों के लिए एक नोडल एजेंसी के रुप में कार्य करता है जिसमें विभिन्न स्टेकहोल्डरों : संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों, गैर सरकारी संगठन आदि के बीच दिव्यांगता से संबंधित मामलों में घनिष्ठ समन्वय कार्य करना भी शामिल है। विभाग अपने विभिन्न अधिनियमों / संस्थाओं / संगठनों और पुनर्वास के लिए योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के अपने मिशन को प्राप्त करने और एक सक्षम वातावरण बनाने के लिए काम कर रहा है जो ऐसे व्यक्तियों को समान अवसर प्रदान कर सके, उनके अधिकारों की सुरक्षा कर सके और उन्हें समाज के स्वतंत्र और उपयोगी सदस्यों के रुप में भाग लेने में सक्षम बना सके। वर्तमान में विभाग के 9 राष्ट्रीय संस्थान, 2 निगम, तीन सांविधिक प्राधिकरण और 25 समेकित क्षेत्रीय केंद्र हैं।

सरकार ने वर्ष 1969 में, नियोक्ताओं और कर्मचारियों के रुप में उत्कृष्ट दिव्यांगजनों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने की एक योजना को मंजूरी दी थी। ये पुरस्कार दिव्यांगजनों से संबंधित मुद्दों पर जनता का ध्यान केंद्रित करने और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित किए गए हैं। बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर योजना के दायरे में संशोधन किया गया है।

राष्ट्रीय पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 3 दिसंबर को उत्कृष्ट दिव्यांगजनों और दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाले व्यक्तियों/ संगठनों को 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' पर प्रदान किए जाते हैं।

वर्ष 2017 तक, पुरस्कार योजना राष्ट्रीय पुरस्कार नियम, 2013 के तहत शासित थी तथा इसमें नि:शक्तजन अधिनियम, 1995 के अनुसार दिव्यांगताओं की 7 श्रेणियों का प्रावधान था। तथापि, 19 अप्रैल 2017 से दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के लागू होने के साथ ही नए कानून के तहत निर्दिष्ट दिव्यांगताओं की संख्या 7 से बढ़कर 21 हो गई। तदनुसार सभी 21 दिव्यांगताओं को राष्ट्रीय पुरस्कार दिशानिर्देशों में शामिल किया गया है जिन्हें भारत के असाधारण राजपत्र में दिनांक 02 अगस्त, 2018 को अधिसूचित किया गया है।

जुलाई, 2020 में गृह मंत्रालय ने सलाह दी कि पिछले कुछ वर्षों में, मंत्रालयों / विभागों में कई पुरस्कारों की स्थापना और कई पुरस्कारों के लिए बड़ी संख्या में पुरस्कार विजेताओं के चयन ने इन राष्ट्रीय पुरस्कारों से जुड़े मूल्य और प्रतिष्ठा को प्रभावित किया है।

इस संबंध में माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के बारे में सूचित किया गया है जो निम्नानुसार है :-

> “सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले पुरस्कार के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को बदलना, विशेष रूप से योग्यता, निष्पक्षता, पारदर्शिता, जन-भागीदारी, सादगी, दक्षता और प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करके विश्वसनीयता और भरोसे का निर्माण करना है और पुरस्कार विजेताओं का चयन ऐसा होना चाहिए कि यह न केवल पुरस्कार के कद को बढ़ाता हो, बल्कि उनकी असाधारण उपलब्धियों और समाज पर उनके योगदान के प्रभाव से राष्ट्र को भी प्रेरित करता हो।”

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु दिशानिर्देशों को सरल/संशोधित किया गया है और दिनांक 19 जुलाई, 2022 को भारत के असाधारण राजपत्र में अधिसूचित किया गया है। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु संशोधित दिशानिर्देश पुरस्कार की दो मुख्य श्रेणियां प्रदान करते हैं अर्थात व्यक्तिगत उत्कृष्टता की पहली श्रेणी जिसमें पुरस्कार की 6 उप-श्रेणी शामिल है और संस्थागत सशक्तिकरण की दूसरी श्रेणी जिसमें पुरस्कार की 8 उप-श्रेणी शामिल हैं। संशोधित दिशानिर्देशों के तहत गृह मंत्रालय द्वारा डिजाइन और प्रशासित पुरस्कार पोर्टल पर (www.awards.gov.in) आवेदन / नामांकन ऑनलाइन आमंत्रित किए गए हैं।

वर्ष 2024 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन / नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (www.awards.gov.in) पर आमंत्रित किए गए थे। आवेदन/नामांकन प्राप्त करने के लिए पोर्टल दिनांक 15 जून, 2024 से 31 जुलाई, 2024 के लिए खुला था जिसे आगे बढ़ाकर 15 अगस्त, 2024 तक कर दिया गया था। व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए, 18 जून, 2024 को एक पैन इंडिया विज्ञापन भी जारी किया गया था जिसमें दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार, 2024 के लिए आवेदन/नामांकन आमंत्रित किए गए थे। विज्ञापन विभाग की वेबसाइट पर भी डाला गया था। इस दिशा में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने 24 जून, 2024 को राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों और केंद्रीय मंत्रालयों / विभागों को पत्र लिखकर विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन के बारे में सूचित किया था। इस प्रकार वर्ष 2024 के लिए 1886 आवेदन (व्यक्तिगत उत्कृष्टता श्रेणी में 1704 आवेदन और संस्थागत श्रेणी में 182 आवेदन) पोर्टल पर प्राप्त हुए थे।

विभाग ने आवेदनों की स्क्रीनिंग और शॉर्टलिस्टिंग के लिए स्क्रीनिंग समितियों का गठन किया था। स्क्रीनिंग समितियों द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदनों पर राष्ट्रीय चयन समिति ने 6 नवंबर, 2024 को हुई बैठक में विचार किया और वर्ष 2024 के लिए 33 पुरस्कार विजेताओं के नामों को अंतिम रूप दिया।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को पूरी उम्मीद है कि पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियां दूसरों को भी ऐसी ही उपलब्धियों का अनुकरण करने के लिए प्रेरित करेंगी।

# INTRODUCTION

In order to give focused attention to policy issues and meaningful thrust to the activities aimed at Welfare and Empowerment of the Persons with Disabilities (PwDs), a separate Department of Disability Affairs was carved out of the Ministry of Social Justice and Empowerment on May 12, 2012. The Department was renamed as Department of Empowerment of Persons with Disabilities on December 8, 2014. The Department acts as a nodal agency for matters pertaining to disability and Persons with disabilities including effecting closer coordination among different stakeholders: related Central Ministries, State/UT Governments, NGOs etc. in matters pertaining to disability. The Department is working to achieve its mission of Empowering Persons with disabilities through its various Acts/ Institutions/ Organizations and Schemes for rehabilitation and to create an enabling environment that provides such persons with equal opportunities, protection of their rights and enables them to participate as independent and productive members of society. The Department has presently 09 autonomous bodies, (National Institutes) 02 Corporations, 03 Statutory Bodies, and 25 Composite Regional Centres for Skill Development Rehabilitation & Employment of Persons with Disabilities.

In 1969, the Government approved a scheme for presenting National Awards to outstanding Persons with Disabilities (Divyangjan) as employers and employees. These awards have been instituted with the objective of focusing public attention on issues concerning persons with disabilities and promote their main streaming in society. The scope of the scheme has been amended from time to time, keeping in view the changing scenario.

The National Awards are conferred on 3rd December every year on the 'International Day of Persons with Disabilities' on outstanding Persons with Disabilities (Divyangjan) and Individuals/Organizations who are working for the Empowerment of Persons with Disabilities.

Till 2017, the Award Scheme was governed under the National Awards Rules, 2013 which provided 7 categories of disabilities as per the Persons with Disabilities Act, 1995. However, with the coming into force of the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016 w.e.f. 19th April 2017, the number of specified disabilities increased from 7 to 21 under the new Law. Accordingly, all the 21 disabilities were included under the National Award Guidelines notified in the Extra-ordinary Gazette of India dated 2nd August, 2018.

In July, 2020, MHA advised that over the years, with the institution of multiple Awards across Ministries / Departments and selection of large number of Awardees for many awards have impacted the value and prestige associated with these National Awards.

In this connection, vision of the Hon'ble Prime Minister has been communicated which is as under:-

"To transform the entire ecosystem of awards conferred by the Government especially building credibility and trust by focusing on merit, objectivity, transparency, people-participation, simplicity, efficiency and use of technology. And that selection of awardees may be such that it not only elevates the stature of the award but also inspires the Nation by their exceptional achievements and impact of their contributions on society".

The Guidelines for the National Awards for Empowerment of Persons with Disabilities were simplified/revised and notified in extra-ordinary Gazette of India dated 19th July, 2022. The revised Guidelines for National Awards for Empowerment of Persons with Disabilities provide two main categories of Awards i.e. first category of Individual Excellence consisting 6 sub-category of awards and the other category of Institutional Empowerment consisting of 8 sub-category of awards. Under the revised Guidelines applications/nominations are invited online on the Rashtriya Puraskar Portal designed and administered by the Ministry of Home Affairs (www.awards.gov.in).

Applications/nominations for the National Awards for the year 2024 were invited on the Rashtriya Puraskar Portal(www.awards.gov.in).The portal was opened for receiving applications / nominations w.e.f.15$^{th}$ June, 2024 to 31$^{st}$ July, 2024 which was further extended up to 15$^{th}$ August, 2024. For wide publicity, a PAN India advertisement was also released on 18$^{th}$ June, 2024 inviting applications/nominations for National Awards for Empowerment of Persons with Disabilities, 2024. The advertisement was also hosted on the website of the Department. For wider coverage and publicity, the Department of Empowerment of Persons with Disabilities (Divyangjan) had written letters to the State Governments/Union Territory Administrators and Central Ministries / Departments on 24$^{th}$ June, 2024 calling nominations for National Awards in various categories. In response to the above, 1886 applications (1704 applications in individual excellence category and 182 applications in institutional category) for the year 2024 were received on the portal.

The Department constituted Screening Committees for screening and shortlisting of applications. The shortlisted applications by the Screening Committees, were considered by the National Selection Committee, in its meeting held on 6$^{th}$ November, 2024 and finalised names of 33 awardees for the year 2024.

The Department of Empowerment of Persons with Disabilities earnestly hope that the achievements of the Awardees will motivate and inspire others to emulate for similar accomplishments.

## विषय–सूची


| क्र.सं. | | श्रेणी | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|---|
| | | **दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार-2024** | |
| **I.** | | **व्यक्तिगत उत्कृष्टता** | |
| | **1)** | **सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन** | |
| | | 1. श्री आईथा मल्लिकार्जुना | 1 |
| | | 2. श्री प्रतीक खंडेलवाल | 2 |
| | | 3. श्री अमर जैन | 3 |
| | | 4. श्री अर्पण शर्मा | 4 |
| | | 5. सुश्री छोंज़िन अंगमों | 5 |
| | | 6. सुश्री प्रियंका दीपक दबड़े | 6 |
| | | 7. सुश्री अनन्या बिजेश | 7 |
| | **2)** | **श्रेष्ठ दिव्यांगजन** | |
| | | **क. गतिविषयक दिव्यांगता** | |
| | | (1) श्री टिंकेश | 8 |
| | | (2) सुश्री  कविता | 9 |
| | | **ख. दृष्टि बाधित - (दृष्टिहीनता, अल्पदृष्टि)** | |
| | | (1) श्री दानिश महाजन | 10 |
| | | (2) सुश्री हिमानी बुंदेला | 11 |
| | | **ग. श्रवण बाधित - (बधिर, कम सुनने वाला, वाक् और भाषा दिव्यांगता)** | |
| | | (1) श्री आशुतोष | 12 |
| | | (2) सुश्री कनिका मुकेश अग्रवाल | 13 |
| | | **घ. बौद्धिक दिव्यांगता - (मानसिक व्यवहार, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार)** | |
| | | (1) श्री रणवीर सिंह सैनी | 14 |
| | | (2) सुश्री नीति राकेश राठौड़ | 15 |
| | | **ड़. उपरोक्त (क) से (घ) तक उल्लिखित दिव्यांगताओं के अतिरिक्त कोई विनिर्दिष्ट दिव्यांगता** | |
| | | (1) डॉ.  सुरेश हनागवाडी (हीमोफीलिया) | 16 |
| | | (2) सुश्री मंजुदर्शिनी जी. (थैलेसीमिया) | 17 |

# विषय–सूची


| क्र.सं. | | श्रेणी | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|---|
| | 3) | **श्रेष्ठ दिव्यांग बाल / बालिका** | |
| | | (1) मास्टर प्रथमेश सिन्हा | 18 |
| | | (2) कुमारी जानवी | 19 |
| | 4) | **सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति-दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत** | |
| | | डॉ. संजय कुमार शर्मा | 20 |
| | 5) | **सर्वश्रेष्ठ पुनर्वास पेशेवर (पुनर्वास पेशेवर) - दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत** | |
| | | डॉ. सरोज आर्या | 21 |
| | 6) | **सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान / नवप्रवर्तन / उत्पाद विकास - दिव्यांगता के क्षेत्र में** | |
| | | सुश्री दीप्ति प्रसाद | 22 |
| II. | | **दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में सम्मिलित संस्थानों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार-2024** | |
| | क) | **दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण में कार्यरत सर्वश्रेष्ठ संस्थान - (निजी संगठन, एनजीओ)** | |
| | | (1) मिट्टी कैफे | 23 |
| | | (2) बॉम्बे सेंट जेवियर्स कॉलेज सोसाइटी विभाग, XRCVC, सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई | 24 |
| | ख) | **दिव्यांगजनों के लिए सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता (सरकारी संस्थान / सार्वजनिक उपक्रम / निकाय / निजी क्षेत्र)** | |
| | | (1) ज़ोमैटो | 25 |
| | | (2) मिंडा कॉर्पोरेशन लिमिटेड | 26 |
| | ग) | **दिव्यांगजनों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट एजेंसी (सरकारी / राज्य सरकार / स्थानीय निकाय के अतिरिक्त)** | |
| | | एटिपिकल प्लेटफॉर्म प्राइवेट लिमिटेड | 27 |
| | घ) | **सुगम्य भारत अभियान के कार्यान्वयन/बाधामुक्त वातावरण के सृजन में सर्वश्रेष्ठ राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/जिला** | |
| | | सलूम्बर, राजस्थान | 28 |
| | ड·) | **सर्वश्रेष्ठ सुगम्य यातायात के साधन / सूचना एव संचार प्रौद्योगिकी ( सरकारी / निजी संगठन)** | |
| | | स्टार स्पोर्ट्स | 29 |
| | च) | **दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम / यूडीआईडी एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण की अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ राज्य / संघ राज्य क्षेत्र / जिला** | |
| | | (1) समग्र शिक्षा आंध्र प्रदेश | 30 |
| | | (2) डूंगरपुर, राजस्थान | 31 |
| | छ) | **दिव्यांगजनों के अधिकार अधिनियम 2016 के कार्यान्वयन हेतु अपने राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु राज्य दिव्यांगजन आयुक्त** | |
| | | दिव्यांगजन राज्य आयुक्त, गुजरात | 32 |
| | ज) | **पुनर्वास पेशेवरों के विकास में संलग्न सर्वश्रेष्ठ संगठन** | |
| | | ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एंड हियरिंग मैसूर | 33 |

## INDEX


| Sr. No. | | Category | Page No. |
|---|---|---|---|
| I. | | **National Award for Empowerment of Persons with Disabilities – 2024** | |
| | | **Individual Excellence** | |
| | 1) | **SARVSHRESHTH DIVYANGJAN** | |
| | | 1. Shri Iytha Mallikarjuna | 1 |
| | | 2. Shri Prateek Khandelwal | 2 |
| | | 3. Shri Amar Jain | 3 |
| | | 4. Shri Arpan Sharma | 4 |
| | | 5. Ms. Chhonzin Angmo | 5 |
| | | 6. Ms. Priyanka Deepak Dabade | 6 |
| | | 7. Ms. Ananya Bijesh | 7 |
| | 2) | **SHRESHTH DIVYANGJAN** | |
| | | **A. Locomotor Disability** | |
| | | 1. Shri Tinkesh | 8 |
| | | 2. Ms. Kavitha | 9 |
| | | **B. Visual Impairment – (Blindness, Low Vision)** | |
| | | 1. Shri Danish Mahajan | 10 |
| | | 2. Ms. Himani Bundela | 11 |
| | | **C. Hearing Impairment – (Deaf, Hard of Hearing, Speech & Language Disability)** | |
| | | 1. Shri Ashutosh | 12 |
| | | 2. Ms. Kanika Mukesh Agarwal | 13 |
| | | **D. Intellectual Disability – (Mental Behavior, Specific Learning Disability, Autism Spectrum Disorder)** | |
| | | 1. Shri Ranveer Singh Saini | 14 |
| | | 2. Ms. Niti Rakesh Rathod | 15 |
| | | **E. Any specified disability except the disabilities mentioned from Sr. (a) to (d) above.** | |
| | | 1. Dr. Suresh Hanagavadi (Haemophilia) | 16 |
| | | 2. Ms. Manjudarshini G. (Thalassemia) | 17 |

# INDEX


| Sr. No. | | Category | Page No. |
|---|---|---|---|
| | 3) | **Shreshth Divyang Bal / Balika** | |
| | | 1. Master Prathamesh Sinha | 18 |
| | | 2. Kumari Janvi | 19 |
| | 4) | **Sarvshreshth Vyakti – Divyangjano Ke Sashaktikaran Ke Liye Karyarat** | |
| | | Dr. Sanjay Kumar Sharma | 20 |
| | 5) | **Sarvshreshth Punarvas Peshewar (Rehabilitation Professional) – Divyangata Ke Kshetra Mein Karyarat** | |
| | | Dr. Saroj Arya | 21 |
| | 6) | **Divyangata Ke Sashaktikaran Ke Kshetra Mein Sarvshreshth Anusandhan / Navpravartan / Utpad Vikas** | |
| | | Ms. Dipti Prasad | 22 |
| II. | **National Award for Institutions Engaged in Empowering Persons with Disabilities – 2024** | | |
| | a. | **Divyangjano Ke Sashaktikaran Mein Karyrat Sarvshreshth Sansthan (Private Organization, NGO)** | |
| | | 1. Mitti Café | 23 |
| | | 2. The Bombay St Xaviers College Society Department, XRCVC, Part of St Xaviers College, Mumbai | 24 |
| | b. | **Divyangjano Ke Liye Sarvshreshth Niyokta (Govt. Organization / PSEs / Autonomous Bodies / Pvt. Sector)** | |
| | | 1. Zomato | 25 |
| | | 2. Minda Corporation Limited | 26 |
| | c. | **Divyangjano Ke Liye Sarvshreshth Placement Agency (Excluding Govt. / State Govt. / Local Bodies)** | |
| | | Atypical Platform Private Limited | 27 |
| | d. | **Sugamya Bharat Abhiyan Ke Karyanvayan / Badhamukt Vatavaran Ke Srijan Mein Sarvshreshth Rajya / UT / Zila** | |
| | | Salumbar, Rajasthan | 28 |
| | e. | **Sarvshreshth Sugamya Yatayat ke Sadhan / Soochana Evam Sanchar Prodyogiki (Govt. / Private Organization)** | |
| | | Star Sports | 29 |
| | f. | **Divyangjan Adhikar Adhiniyam / Udid Evam Divyangjan Sashaktikaran Ki Anya Yojanaon Ke Karyanvayan Mein Sarvshreshth Rajya/UT/Zila** | |
| | | 1. Samagra Shiksha Andhra Pradesh | 30 |
| | | 2. Dungarpur, Rajasthan | 31 |
| | g. | **Divyangjano Ke Adhikar Adhiniyam, 2016 Ke Apne Rajya Mein Karyanvayan Mein Sarvshreshth Rajya Aayukt Divyangjan** | |
| | | State Commissioner for Persons with Disabilities, Gujarat | 32 |
| | h. | **Punarvas Peshewaron Ke Vikas Mein Sanlagn Sarvshreshth Sangathan** | |
| | | All India Institute of Speech and Hearing Mysore | 33 |

## श्री आईथा मल्लिकार्जुना

सी-905, सी शो सीजीएचएस अपार्टमेंट,
त्यागी रोड, सेक्टर-19बी,
द्वारका, नई दिल्ली-110075
ईमेल: inclusivedivyangjan@gmail.com
मोबाइल नं.: 9312326189

## Shri Iytha Mallikarjuna

C-905, Sea show CGHS Apartment,
Tyagi Road, Sector-19B,
Dwarka, New Delhi-110075
Email: inclusivedivyangjan@gmail.com
Mobile No.: 9312326189



श्री आईथा मल्लिकार्जुना 88% गतिविषयक दिव्यांगजन हैं। उन्होनें दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समावेशी विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दो वर्ष की उम्र से पोलियो प्रभावित होने के बावजूद, उन्होंने शैक्षणिक और व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता हासिल की। समावेशी दिव्यांगजन उद्यमी संघ (IDEA) जैसे संगठनों की स्थापना की, जिसने 1,060 दिव्यांगजन उद्यमियों को समर्थन दिया और 2,500 से अधिक व्यक्तियों को रोजगार दिलाया। उनके प्रयासों को "पिलर ऑफ सिविल सोसाइटी " जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उनका सफर समाज में समावेशिता लाने और दूसरों को सामाजिक उद्यमिता अपनाने के लिए प्रेरित करने का उदाहरण है।

दिव्यांग समुदाय में उनके उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में, श्री आईथा मल्लिकार्जुना को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Shri Iytha Mallikarjuna, having 88% locomotor disability, has made significant strides in empowering persons with disabilities and promoting inclusive growth in India. Despite Post-Polio Paralysis from age two, he excelled academically and founded impactful organizations like the Inclusive Divyangjan Entrepreneur Association (IDEA), which supports over 1,060 Divyang entrepreneurs and has facilitated jobs for more than 2,500 individuals. His efforts in disability rights and fair trade have earned awards, including the “Pillar of Civil Society” by the President of India, marking his dedication to social entrepreneurship and inclusivity. His journey is a testament to his resilience and vision, creating an inclusive society and inspiring others to pursue social entrepreneurship.

In recognition of his outstanding contribution to the Divyang community, Shri Iytha Mallikarjuna is awarded the National Award for Individual Excellence in the category of Sarvshreshth Divyangjan-2024.

**श्री प्रतीक खंडेलवाल**
फ्लैट नंबर 22111, टॉवर 22,
प्रेस्टीज फर्न्स रेजीडेंसी, हरलूर रोड,
बेंगलुरु - 560102
ईमेल: prateekkhandelwal5@gmail.com
मोबाइल नं.: 9916112213

**Shri Prateek Khandelwal**
Flat No. 22111, Tower 22,
Prestige Ferns Residency, Haralur Road,
Bengaluru - 560102
Email: prateekkhandelwal5@gmail.com
Mobile No.: 9916112213



श्री प्रतीक खंडेलवाल 75% गतिविषयक दिव्यांग है। वे ‘ रैंप माई सिटी ’ के संस्थापक तथा भारत में दिव्यांगजनों के लिए शहरी पर्यावरण को अधिक सुगम्य बनाने वाले अग्रणी सामाजिक उद्यमी हैं। उनके नवाचारी कार्य ने हजारों लोगों को सशक्त किया है और उन्हें प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार दिलाए हैं।

सुगम्यता के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के सम्मान में, श्री प्रतीक खंडेलवाल को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Shri Prateek Khandelwal has 75% locomotor disability. He is the founder of ‘Ramp My City’ and a pioneering social entrepreneur who has transformed urban environments in India to be more accessible for Persons with Disabilities. His innovative work has empowered thousands and earned him prestigious National and International accolades.

In recognition of his outstanding work in the field of accessibility, Shri Prateek Khandelwal is awarded the National Award for Individual Excellence in the category of Sarvshreshth Divyangjan-2024.

**श्री अमर जैन**
एफ–2406, एसीई एस्पायर,
टेक जोन IV, ग्रेटर नोएडा वेस्ट,
बिसरख गौतम बुद्ध नगर,
उत्तर प्रदेश - 201306
ईमेल: amarjain@amarjain.com
मोबाइल नं.: 9892622230

**Shri Amar Jain**
F-2406, ACE Aspire,
Tech Zone IV, Greater Noida West,
Bisrakh Gautam Buddha Nagar,
Uttar Pradesh - 201306
Email: amarjain@amarjain.com
Mobile No.: 9892622230



श्री अमर जैन, एक 100% दृष्टिबाधित कानूनी पेशेवर हैं तथा भारत में दिव्यांगजनों के लिए सुगम्यता, नीति सुधार और वित्तीय समावेशन के लिए अग्रणी रहकर वकालत करते रहे हैं। अपने अविरल प्रयासों के माध्यम से, उन्होंने ऐसे प्रणालीगत परिवर्तन लाए हैं जिसने कई जीवनों को सशक्त किया है।

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और एडवोकसी करने वाले व्यक्ति के रूप में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की मान्यता में, श्री अमर जैन को सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Shri Amar Jain, a legal professional with 100% visual impairment, has been a pioneering advocate for accessibility, policy reform, and financial inclusion for persons with disabilities in India. Through his relentless efforts, he has driven significant systemic changes that have empowered countless lives.

In recognition of his outstanding performance as a person for empowerment and advocacy of the persons with disabilities, Shri Amar Jain is given the National Award for Individual Excellence in the category of Sarvshreshth Divyangjan-2024.

**श्री अर्पण शर्मा**
307, बिहारीपुर, सिविल लाइंस,
किशोर बाजार के पीछे,
बरेली, उत्तर प्रदेश।
ईमेल: ssuneel62@gmail.com
मोबाइल नं.: 9412066611

**Shri Arpan Sharma**
307, Beharipur, Civil Lines,
Behind Kishore Bazar,
Bareilly, Uttar Pradesh.
Email: ssuneel62@gmail.com
Mobile No.: 9412066611



श्री अर्पण शर्मा, एक 60% मानसिक दिव्यांग पैरा-एथलीट हैं, जिन्होंने पावरलिफ्टिंग, एथलेटिक्स और बोस्किया जैसी प्रतियोगिताओं में राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर चुनौतियों पर विजय पाई है। उनका प्रेरणादायक सफर न केवल व्यक्तिगत पुरस्कार लाया है, बल्कि दिव्यांग समुदाय के लिए प्रेरणा और उपलब्धि का एक शक्तिशाली प्रतीक भी बना है। अर्पण की समर्पण और अटूट आत्मविश्वास ने उन्हें एक ऐसी प्रेरणा बनाया है, जिससे अन्य लोग भी सामाजिक बाधाओं को तोड़ने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित होते हैं।

खेलों में श्री अर्पण शर्मा के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाता है।

Shri Arpan Sharma, a para-athlete with 60% mental illness, has repeatedly overcome challenges to excel in sports, winning numerous medals at the state, national, and international levels in events like powerlifting, athletics, and boccia . His inspiring journey has not only brought him personal accolades but also served as a powerful symbol of resilience and achievement for the Divyangjan community. Arpan's dedication and unwavering spirit have made him a role model, inspiring others to pursue their dreams and break down societal barriers.

In recognition of the outstanding performance of Shri Arpan Sharma in sports, he is given the National Award for Individual Excellence in the category of Sarvshreshth Divyangjan-2024.

**सुश्री छोंज़िन अंगमो**
ग्राम चांगो, जिला, किन्नौर,
हिमाचल प्रदेश - 172111
ईमेल: angmonegi96@gmail.com
मोबाइल नं.: 9915384287

**Ms. Chhonzin Angmo**
Village Chango, District, Kinnaur,
Himachal Pradesh - 172111
Email: angmonegi96@gmail.com
Mobile No.: 9915384287



सुश्री छोंज़िन अंगमो एक 100 % दृष्टिबाधित खिलाड़ी हैं। उन्होनें पर्वतारोहण, साइक्लिंग, तैराकी, फुटबॉल और अन्य कई खेलों में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के माध्यम से सीमाओं और धारणाओं को तोड़ दिया है। अपनी दिव्यांगता के बावजूद, उन्होंने माउंट कनामो और कांग यात्जे 2 जैसे शिखरों को फतह किया, सियाचिन ग्लेशियर पर दिव्यांग लोगों की सबसे बड़ी टीम के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किया, और राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई पदक जीते हैं। अंगमो की अटूट आत्मविश्वास और अविरल संकल्प ने उन्हें एक प्रेरक प्रतीक बना दिया है, जो दिव्यांग लोगों को अपने सपनों को पूरा करने और संभावनाओं की सीमाओं को पुनर्परिभाषित करने के लिए प्रेरित करता है।

खेल के क्षेत्र में सुश्री छोंज़िन अंगमो के उत्कृष्ट प्रदर्शन की मान्यता में उन्हें सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Ms. Chhonzin Angmo is a sportswoman with 100 % visual impairment. She has shattered boundaries and stereotypes through her remarkable achievements in a diverse range of sports, including mountaineering, cycling, swimming, football, and more. Despite her disability, she has scaled peaks like Mount Kanamo and Kang Yatze 2, set a world record for the largest team of people with disabilities to scale the Siachen Glacier, and won numerous medals at national and international competitions. Angmo's unwavering spirit and relentless determination have made her an inspiring role model, empowering others with disabilities to pursue their dreams and redefine the limits of what is possible.

In recognition of the outstanding performance of Ms. Chhonzin Angmo in the field of sports, she receives the National Award for Individual Excellence in the category of Sarvshreshth Divyangjan-2024.

**सुश्री प्रियंका दीपक दबड़े**
ए / 9, जे. पी . निवास डाहुनुकर कॉलोनी,
लेन नंबर 1 कोथरूड, पुणे, महाराष्ट्र।
ईमेल: dabadepriyanka324@gmail.com
मोबाइल नं.: 9921033223

**Ms. Priyanka Deepak Dabade**
A / 9, Z. P. Niwas, Dahunukar Colony,
Lane No.1 Kothrud, Pune, Maharashtra.
Email: dabadepriyanka324@gmail.com
Mobile No.: 9921033223



सुश्री प्रियंका दीपक दबड़े, एक 100% श्रवण-बाधित कलाकार हैं जिन्होनें सामाजिक बाधाओं को चुनौती दी और फैशन, कला और शिल्प कला के क्षेत्र में अपना जुनून और निरंतरता दिखाई है। व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, वह उच्च प्रतियोगिताओं में लगातार भाग लेती रही हैं और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिसमें फ्रांस में अंतर्राष्ट्रीय एबीलंपिक्स 2023 में रजत पदक जीतना शामिल है। प्रियंका की अटूट संकल्पशक्ति और कौशल विकास और मार्गदर्शन के माध्यम से साथी दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने के प्रति प्रतिबद्धता ने उन्हें एक प्रेरणादायक रोल मॉडल बना दिया है। उनका सफर रचनात्मकता और विश्वास का प्रमाण है कि अपने लक्ष्य को पूरा करने में दिव्यांगता कोई बाधा नहीं है।

कला और संस्कृति के क्षेत्र में सुश्री प्रियंका दीपक दबडे के उत्कृष्ट प्रदर्शन की मान्यता में, उन्हें सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Ms. Priyanka Deepak Dabade, an artist with 100% hearing impairment, has defied societal barriers and pursued her passion for fashion, crafts, and art. Despite facing personal challenges, she has consistently participated in and excelled at prestigious competitions, including winning a silver medal at the International Abilympics 2023 in France. Priyanka's unwavering determination and commitment to empowering fellow persons with disabilities through skill development and mentorship have made her an inspiring role model. Her journey is a testament to the power of resilience, creativity, and the belief that disability is no obstacle for achieving one's dreams.

In recognition of the outstanding performance of Ms. Priyanka Deepak Dabade in the field of Art & Culture, she receives the National Award for Individual Excellence in the category of Sarvshresth Divyangjan-2024.

**सुश्री अनन्या बिजेश**
टीसी 40/1185, ओडानकुझी लेन, थिरुमला,
थिरुवनंथपुरम , केरल - 695006
ईमेल: anubijesh18@gmail.com
मोबाइल नं.: 8147713868

**Ms. Ananya Bijesh**
TC 40/1185,Odankuzhy Lane, Thirumala,
Thiruvananthapuram, Kerala - 695006
Email: anubijesh18@gmail.com
Mobile No.: 8147713868



सुश्री अनन्या बिजेश, एक 18 वर्षीय 80% ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से पीड़ित लड़की, ने संगीत में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कठिनाइयों के बावजूद, उन्होंने प्रतिष्ठित मंचों पर प्रस्तुति दी है, प्रसिद्ध कलाकारों के साथ गाया है, और 2022 में राज्य स्तरीय उज्ज्वला बाल्यम पुरस्कारम और सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक बाल पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

संगीत के क्षेत्र में सुश्री अनन्या बिजेश के उत्कृष्ट प्रदर्शन की मान्यता में उन्हें सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाता है।

Ms. Ananya Bijesh, an 18-year old artist with 80% Autism Spectrum Disorder from Thiruvananthapuram, has achieved remarkable milestones in music. Despite challenges, she has performed on prestigious stages, sung with renowned artists, and received accolades, including the Ujjwala Balyam Puraskaram and the Best Creative Child award in 2022 at the State level.

In recognition of the outstanding performance of Ms. Ananya Bijesh in the field of music, she receives the National Award for Individual Excellence in the category of Sarvshreshth Divyangjan-2024.

**श्री टिंकेश**
मकान नंबर: 516 / जी बेले व्यू विला,
कार्मोना, दक्षिण गोवा
ईमेल: sydenstrica@gmail.com
मोबाइल नं.: 9545455122

**Shri Tinkesh**
House No.: 516 / G, Belle Vue Villa,
Carmona, South Goa
Email: sydenstrica@gmail.com
Mobile No.: 9545455122



श्री टिंकेश कौशिक, 90% गतिविषयक दिव्यांगता के साथ एक ट्रिपल एम्प्यूटी हैं। इन्होनें सभी बाधाओं को पार कर साहसिक खेलों के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने माउंट एवरेस्ट बेस कैंप तक ट्रैक करने वाले पहले ट्रिपल एम्प्यूटी के रूप में रिकॉर्ड बनाया है। अपनी फाउंडेशन के माध्यम से, वे दिव्यांगजनों के लिए समावेशी फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा प्रदान करते हैं।

साहसिक खेलों और दिव्यांगजन के सशक्तिकरण के क्षेत्र में श्री टिंकेश कौशिक के उत्कृष्ट प्रदर्शन की मान्यता में उन्हें श्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Shri Tinkesh Kaushik, a triple amputee with 90% locomotor disability, has defied all odds to become an adventure sports enthusiast and motivational speaker. He holds multiple records, including the first triple amputee to trek to Everest Base Camp. Through his foundation, he promotes inclusive fitness and supports persons with disabilities (PwDs) by providing mobility aids and mental health counseling.

In recognition of the outstanding performance of Shri Tinkesh Kaushik in the field of adventure sports and empowerment of persons with disabilities, he is awarded the National Award for Individual Excellence in the category of Shreshth Divyangjan-2024.

**सुश्री कविता**
38, टीएल रघुपति स्ट्रीट, पम्मल,
चेन्नई, तमिलनाडु - 600 075
ईमेल: pammalkavithaa@gmail.com
मोबाइल नं.: 9176256748

**Ms. Kavitha**
38, TL Raghupathi Street, Pammal,
Chennai, Tamilnadu - 600 075
Email: pammalkavithaa@gmail.com
Mobile No.: 9176256748



सुश्री कविता, जिन्हें पम्मल कविता के नाम से जाना जाता है, 80% गतिविषयक दिव्यांग हैं और पम्मल अन्नई थेरेसा हैंडीकैप्ड वेलफेयर ट्रस्ट का नेतृत्व करती हैं। उन्होंने 2019 में अपने परिवार की सामाजिक सेवा को पुनः शुरु किया, जिससे चेन्नई और आस-पास के जिलों में 1,200 से अधिक दिव्यांग व्यक्तियों को सहायता मिली। उनका ट्रस्ट सरकारी योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और स्वास्थ्य सेवाओं में सहायता प्रदान करता है, जिससे कई लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आया है।

दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सुश्री कविता को श्रेष्ठ दिव्यांगजन - 2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाता है।

Ms. Kavitha, also known as Pammal Kavitha, has 80% locomotor disability and leads the Pammal Annai Theresa Handicapped Welfare Trust. She resumed her family's social work in 2019, assisting over 1,200 persons with disabilities across Chennai and nearby districts. Her Trust supports access to government welfare schemes, training programs, and healthcare services for persons with disabilities, significantly impacting their lives.

In recognition of her outstanding performance in the field of Empowerment of Persons with Disabilities, Ms. Kavitha is given the National Award for Individual Excellence in the category of Shreshth Divyangjan-2024.

**श्री दानिश महाजन**
वीपीओ शाहपुर कंडी तहसील धार कल्लन,
जिला - पठानकोट, पंजाब - 145029
ईमेल: kypshilp@gmail.com
मोबाइल नं.: 9911309368

**Shri Danish Mahajan**
VPO Shahpur kandi tehseel Dhar Kallan,
District - pathankot, Punjab - 145029
Email: kypshilp@gmail.com
Mobile No.: 9911309368



श्री दानिश महाजन 100% दृष्टिबाधित, दिव्यांगजनों की वकालत करने वाले एक जागरूक कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु में दृष्टिहीनता के बाद अपना जीवन बदला। रेडियो उड़ान जैसे उपक्रमों के माध्यम से उन्होंने दृष्टिबाधित समुदाय के लिए एक वैश्विक मंच तैयार किया, जिससे 50,000 से अधिक मासिक श्रोता जुड़े हैं। प्रेरणादायक भाषण, परामर्श, और प्रतिभा प्रतियोगिताओं का आयोजन उनके प्रमुख कार्यों में शामिल है। कैविनकेयर एबिलिटी अवार्ड जैसे पुरस्कार प्राप्त कर, महाजन ने दिव्यांग समुदाय को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए श्री दानिश महाजन को श्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Shri Danish Mahajan, a person with 100% visual impairment and a resilient advocate for persons with disabilities, transformed his life after losing his eyesight at the age of 14. Through initiatives like Radio Udaan, an online community radio station for visually impaired individuals, he has reached over 50,000 monthly listeners. His efforts include motivational speaking, counseling, and organizing talent competitions. Mahajan has received awards like the CavinKare Ability Award, showcasing his dedication to empowering the PwD community.

In recognition of his outstanding performance in the field of Empowerment of Persons with Disabilities, Shri Danish Mahajan is given the National Award for Individual Excellence in the category of Shreshth Divyangjan-2024.

**सुश्री हिमानी बुंदेला**
गुरु गोविंद नगर राजपुर चुंगी,
उखारा रोड, आगरा, उत्तर प्रदेश - 282001
ईमेल: himanibundela19@gmail.com
मोबाइल नं.: 9084790664

**Ms. Himani Bundela**
Guru Govind Nagar Rajpur Chungi,
Ukhara Road, Agra, Uttar Pradesh - 282001
Email: himanibundela19@gmail.com
Mobile No.: 9084790664



सुश्री हिमानी बुंदेला, एक सड़क दुर्घटना के बाद 80% दृष्टिबाधित हो गईं। चुनोतियों के बाद भी वे केंद्रीय विद्यालय में शिक्षिका हैं। उन्होनें कौन बनेगा करोड़पति (2021) में 1 करोड़ रुपये जीतकर सुर्खियां बटोरीं। उन्होंने समावेशी शिक्षा के लिए प्रोजेक्ट आशा के अंतर्गत सराहनीय काम किया। परामर्श शिविरों और संसाधन केंद्रों के माध्यम से उनके प्रयासों से हजारों लोग लाभान्वित हुए हैं। उनकी सेवाओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने उन्हें 2022 में बेस्ट रोल मॉडल अवार्ड से सम्मानित किया।

दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की मान्यता में, सुश्री हिमानी बुंदेला को श्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाता है।

Ms. Himani Bundela, a role model with visual impairment, overcame an accident and acquired 80% visual disability. Despite challenges, she pursued a teaching career at Kendriya Vidyalaya and earned recognition by winning ₹1 crore in Kaun Banega Crorepati (2021). She is involved in empowering children with special needs under Asha Project, fostering inclusive education. Her efforts, including counseling camps and resource centers, have benefited thousands and earned accolades, such as the Best Role Model Award from Uttar Pradesh's Divyangjan Empowerment Department in 2022.

In recognition of her outstanding performance in the field of Empowerment of Persons with Disabilities, Ms. Himani Bundela is given the National Award for Individual Excellence in the category of Shreshth Divyangjan-2024.

**श्री आशुतोष**
मकान नंबर : 4061 चौथी मंजिल, एच ब्लॉक,
अंसल वर्सालिया, सेक्टर 67 ए,
गुरुग्राम, हरियाणा - 122102
ईमेल: ashutosh.x@iiml.org
मोबाइल नं.: 9999049396

**Shri Ashutosh**
House No.: 4061 4th Floor, H Block,
Ansal Versalia, Sector 67A,
Gurugram, Haryana - 122102
Email: ashutosh.x@iiml.org
Mobile No.: 9999049396



श्री आशुतोष, एक कुशल मॉडल और रंगमंच कलाकार हैं, जिन्होंने 100% श्रवण बाधा के बावजूद मॉडलिंग और नाट्य कला में उल्लेखनीय धैर्य और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। मिस्टर इंडिया प्लस 2021 का खिताब और कई राष्ट्रीय पुरस्कारों के धारक के रूप में, वे सामाजिक समानता और जागरूकता के लिए प्रेरणा बने हुए हैं।

कला और संस्कृति (मॉडलिंग और नाटकीयता) के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के सम्मान में, श्री आशुतोष को श्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाता है।

Shri Ashutosh, a talented model and theatre artist, has demonstrated remarkable resilience and excellence in the fields of modeling and dramatics, despite 100% hearing impairment. As Mr. India Plus 2021 titleholder and an achiever in various National Awards, he continues to inspire many by advocating for social equality and awareness.

In recognition of his outstanding achievements in the field art and culture (modelling and dramatics), Shri Ashutosh is given the National Award for Individual Excellence in the category of Shreshth Divyangjan-2024.

**सुश्री कनिका मुकेश अग्रवाल**
402/ए, महावीर विला, जैन समाज के सामने,
एसएमएम रोड, कल्याण पश्चिम।
पिन कोड - 421 301
ईमेल: nikki_kanika2006@yahoo.co.in
मोबाइल नं.: 8080554199

**Ms. Kanika Mukesh Agarwal**
402/A, Mahavir Villa, Opp. Jain Soc.,
SMM Road, Kalyan West.
Pin code - 421 301
Email: nikki_kanika2006@yahoo.co.in
Mobile No.: 8080554199



सुश्री कनिका मुकेश अग्रवाल, 94% श्रवण बाधित, एक कुशल मूक-बधिर शिक्षिका हैं। उन्होनें भारत में मूक-बधिर शिक्षा और सुगम्यता में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने मूक-बधिर सशक्तिकरण के लिए काम किया है और महाराष्ट्र में मूक-बधिर बच्चों के लिए समावेशी शिक्षण कार्यक्रम बनाए हैं। उनके नवाचारी द्विभाषी शिक्षण कार्य से मूक-बधिर बच्चों की शैक्षिक प्रगति में सुधार हुआ है, जिससे उनके कैरियर और आत्म-पहचान में वृद्धि हुई है। उनके प्रयासों से कई संगठन भी प्रभावित हुए हैं।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की मान्यता में, सुश्री कनिका मुकेश अग्रवाल को श्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाता है।

Ms. Kanika Mukesh Agarwal, having 94% hearing impairment, is an accomplished deaf educator. She has significantly impacted deaf education and accessibility in India. She has advocated for deaf empowerment and created inclusive teaching programs in Maharashtra, providing technical support for teaching deaf children. Her innovative work in bilingual deaf education, especially in under-served areas, has improved deaf children's academic performance, thereby enhancing their career prospects and self-identity. Her influence extends to promoting accessibility and awareness in various organizations.

In recognition of her outstanding performance in the field of Empowerment of Persons with Disabilities, Ms. Kanika Mukesh Aggrawal is given the National Award for Individual Excellence in the category of Shreshth Divyangjan-2024.



**श्री रणवीर सिंह सैनी**
सी. एल. 01, क्लब लेन, मालिबू टाउन, सोहना रोड, सेक्टर 47, गुरुग्राम, हरियाणा - 122001
ईमेल: directorops@scottishigh.com
मोबाइल नं.: 9818091443

**Shri Ranveer Singh Saini**
CL 01, Club Lane, Malibu Towne, Sohna Road, Sector 47, Gurugram, Haryana - 122001
Email: directorops@scottishigh.com
Mobile No.: 9818091443

श्री रणवीर सिंह सैनी ने, 50% बौद्धिक दिव्यांगता के बावजूद, भारत की गोल्फ में छवि बदल दी है। 12 वर्ष की उम्र से प्रतिस्पर्धा करते हुए, उन्होंने एशिया पैसिफिक मास्टर्स में पहला स्वर्ण पदक जीता। 2015 में स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड गेम्स में भारत के पहले गोल्फ स्वर्ण पदक विजेता बने और 2019 तथा 2023 में भी विजय प्राप्त की। उन्हें भीम पुरस्कार और खेल गौरव पुरस्कार सहित अनेक सम्मान प्राप्त हुए हैं और वे दृढ़ता के प्रतीक हैं।

खेल के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए, श्री रणवीर सिंह सैनी को श्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाता है।

Shri Ranveer Singh Saini, an athlete with 50% intellectual disability, has transformed India's image in golf. Competing since the age of 12, he won his first gold at the Asia Pacific Masters. As India's first golf gold medalist at the 2015 Special Olympics World Games, he continues to inspire, with wins in 2019 and 2023. Recognized with numerous honors, including the Bhim Award and Khel Gaurav Puruskar, he remains an icon of perseverance.

In recognition of his outstanding performance in the field of sports, Shri Ranveer Singh Saini is given the National Award for Individual Excellence in the category of Shreshth Divyangjan-2024.

**सुश्री नीति राकेश राठौड़**
29 बी श्री साईंबाबा सोसाइटी,
रेल नगर - 1 के पास, राजकोट
ईमेल: tejal.rathod9773@gmail.com
मोबाइल नं.: 9824582045

**Ms. Niti Rakesh Rathod**
29 B Sri Saibaba Society,
Near Rail Nagar-1,Rajkot
Email: tejal.rathod9773@gmail.com
Mobile No.: 9824582045



सुश्री नीति राकेश राठौड़ 50% बौद्धिक दिव्यांग हैं। वे राजकोट, गुजरात की एक समर्पित पैरा- तैराक हैं, जिन्होंने तैराकी में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। 2012 से, उन्होंने विशेष ओलंपिक और पैरा ओलंपिक में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते हैं। नीति की दृढ़ता और तैराकी के प्रति जुनून कई लोगों को प्रेरित करता है। वह बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण भी देती हैं, जिससे उनमें खेल के प्रति रुचि बढ़ती है।

खेल के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सुश्री नीति राकेश राठौड़ को श्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाता है।

Ms. Niti Rakesh Rathod, having 50% intellectual disability, is a dedicated para-swimmer from Rajkot, Gujarat, and achieved remarkable success in swimming. Since 2012, she has won numerous medals at District, State, and National levels, including the Special Olympics and Para Olympics. Niti's story of resilience and passion for swimming continues to inspire many. She also coaches young children, nurturing their love for the sport, and serves as a role model for individuals with intellectual disability.

In recognition of her outstanding performance in the field of sports, Ms. Niti Rakesh Rathod, is given the National Award for Individual Excellence in the category of Shreshth Divyangjan - 2024.

**डॉ. सुरेश हनागवाडी**
1668- 67, चौथा क्रॉस, ए ब्लॉक
एसएस लेआउट, दावणगेरे - 577004
ईमेल: drhanagavadi@gmail.com
मोबाइल नं.: 8722209404

**Dr. Suresh Hanagavadi**
1668 - 67, 4th Cross, A Block,
S S Layout, Davangere - 577004
Email: drhanagavadi@gmail.com
Mobile No.: 8722209404



डॉ. सुरेश हनागवाडी 70% हीमोफिलिया से ग्रसित एक प्रसिद्ध पैथोलॉजी प्रोफेसर हैं जिन्होंने हीमोफिलिया के उपचार में सुधार हेतु अपना जीवन समर्पित किया। अपनी हीमोफिलिया की चुनौती के बावजूद, उन्होंने कर्नाटक का पहला उपचार केंद्र स्थापित किया, सरकारी समर्थन के लिए पैरवी की और जागरूकता अभियान चलाए। उनके योगदान ने कर्नाटक में रक्त विकार प्रबंधन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है और उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार दिलाये हैं।

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डॉ. सुरेश हनागवाडी को श्रेष्ठ दिव्यांगजन-2024 की श्रेणी में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाता है।

Dr. Suresh Hanagavadi, a person with 70% Haemophilia, is a renowned professor in pathology and blood disorders. He has dedicated his life to improve Haemophilia care. Despite personal challenges with Haemophilia, he has led initiatives, including Karnataka's first Haemophilia treatment center, advocacy for government support, and public awareness efforts. His contributions earned him National and International awards, significantly impacting blood disorder management in Karnataka.

In recognition of his outstanding performance in the field of Empowerment of Persons with Disabilities, Dr. Suresh Hanagavadi is given the National Award for Individual Excellence in the category of Shreshth Divyangjan-2024.

**सुश्री मंजुदर्शिनी जी.**
1, पुष्कर, दूसरी मंजिल, पहला क्रॉस,
जीकेडब्ल्यूएल लेआउट, विजयनगर,
बेंगलुरु - 560040
ईमेल: sihighor@gmail.com
मोबाइल नं.: 9901249215

